साप्ताहिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## महत्वपूर्ण एवं खास

### विकास को मुक्केबाजी टीम से ज्यादा से ज्यादा पदकों की उम्मीद

नई दिल्ली (आरएनएस)। इसी साल आस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में आयोजित किए गए राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय मुक्केबाज विकास कृष्ण का अगला लक्ष्य शनिवार से शुरू हो रहे एशियाई खेलों में 75 किलोग्राम भारवर्ग में एक और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाना है। विकास ने कहा कि एशियाई खेलों में भारत की जो मुक्केबाजी टीम जा रही है, वो दमदार है और टीम ज्यादा से ज्यादा पदक लाने की कोशिश में है।

विकास ने भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) द्वारा आयोजित किए गए विदाई समारोह में कहा कि टीम के खिलाड़ी ज्यादा से ज्यादा पदक लाने के लिए अपना पूरा दम लगा देंगे। अर्जुन पुरस्कार विजेता विकास ने कहा, हम इससे अच्छी तैयारी की नहीं सोच सकते थे। हमें तैयारी का शानदार मौका मिला है। हमने राष्ट्रमंडल खेलों से लौटने के साथ तैयारी शुरू कर दी थी। हमने कई अहम आयोजनों मे हिस्सा लिया और खुद को मांजा। हमारी टीम काफी अच्छी है और मुझे यकीन है कि हम अधिक से अधिक पदक जीत सकेंगे। भारतीय मुक्केबाजों ने हाल ही में जर्मनी में आयोजित केमेस्ट्री कप में शानदार प्रदर्शन किया है और इस कारण वे आत्मविश्वास से लबरेज नजर आ रहे हैं। एशियाई खेलों से पहले भारतीय मुक्केबाजों को कई अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में हाथ आजमाने का मौका मिला है जिससे उनके आत्मविश्वास में इजाफा हुआ है।विकास ने 2010 में चीन में खेले गए एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

### टेनिस : वुहान ओपन में हिस्सा लेंगे शीर्ष-10 महिला खिलाड़ी

वुहान (आरएनएस)। अगले माह 21 से 29 सितंबर तक होने वाले डब्ल्यूटीए वुहान ओपन में एकल रैंकिंग की शीर्ष-10 महिला खिलाड़ी भाग लेंगी। आयोजनकर्ताओं ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। 2014 में डब्ल्यूटीए में शामिल होने के बाद वुहान ओपन एशिया की सबसे बड़ी टूर्नामेंट है। इसमें इस बार शीर्ष 20 रैंकिंग में से 19 और शीर्ष 50 रैंकिंग में से 45 खिलाड़ी भाग लेंगी।

रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा आस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच और विंबलडन चैम्पियन कैरोलिन वोज्नियाकी, सिमोना हालेप और एंजेलिक केर्बर भी इसमें हिस्सा लेंगी। इसके अलावा दो बार की ग्रैंड स्लेम चैम्पियन गरबाइन मुगुरुजा, दो बार की विंबलडन और दो बार की वुहान ओपन चैम्पियन पेत्रा चि तोवा तथा मौजूदा वुहान ओपन चैम्पियन कैरोलिन गार्सिया भी इसमें खेलेंगी। चीन की पूर्व टेनिस खिलाड़ी ली ना वुहान ओपन की एम्बेसेडर हैं। वह फ्रेंच और आस्ट्रेलियन ओपन जीत चुकी हैं।

### टेनिस : सिनसिनाटी ओपन के तीसरे दौर में जोकोविक

सिनसिनाटी। सर्बिया के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी ने पेट में दर्द की समस्या से जूझते हुए सिनसिनाटी ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। रिपोर्ट के अनुसार, पुरुष एकल वर्ग के दूसरे दौर में पूर्व वर्ल्ड नम्बर-1 जोकोविक ने फ्रांस के एड्रियान मनारियो को मात दी। अपने करियर में 13 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविक ने एड्रियान को सीधे सेटों में 6-2, 6-1 से मात देकर तीसरे दौर में कदम रखा।

### शासकीय कार निष्प्रयोजित, 31 अगस्त तक निविदा आमंत्रित

रायगढ़। रायगढ़ जिला कार्यालय के राजस्व स्थापना शाखा में शासकीय वाहन क्रमांक सीजी 02-5577 कार को निष्प्रयोजित घोषित किए जाने के फलस्वरूप नीलामी की कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए 31 अगस्त अपरान्ह 3 बजे तक निविदा आवेदन स्वीकार किया जाएगा। 31 अगस्त को ही शाम 5 बजे निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में खोली जाएगी।

### वि.खं.पुसौर में दो सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 4 लाख रु.स्वीकृत

रायगढ़। प्रभारी मंत्री रायगढ़ की अनुशंसा पर कलेक्टर रायगढ़ द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के तहत विकासखण्ड पुसौर के ग्राम पंचायत ओड़ेकेरा के तालाब किनारे में सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 3 लाख रुपए तथा ग्राम पंचायत भाठनपाली के पुराना स्कूलपारा में सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए एक लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदाय की गई है। कलेक्टर ने उक्त निर्माण कार्य की जिम्मेदारी जनपद पंचायत पुसौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपते हुए समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

### जिले में 615.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 14 अगस्त तक 615.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 9.5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है तथा आज सबसे अधिक वर्षा पुसौर में 53.3 मि.मी.दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 683.4 मिली मीटर, पुसौर में 952.4, खरसिया में 502.2, सारंगढ़ में 622.8, बरमकेला में 546.3, घरघोड़ा में 574.3, तमनार में 426.6, लैलूंगा में 500 तथा धरमजयगढ़ तहसील में 730.7 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# पाक कैप्टन सरफराज बोले- भारतीय टीम की तैयारियों में कमी

नई दिल्ली (आरएनएस)। इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम के खराब प्रदर्शन की एक बड़ी वजह तैयारियों में कमी को माना जा रहा है। अब इस विवाद में पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के कप्तान सरफराज अहमद ने भी अपनी राय रखी है। पाकिस्तानी कप्तान ने बुधवार को कहा कि भारत के मुकाबले पाकिस्तान ने इंग्लैंड दौरे के लिए बेहतर रूप से तैयारी की थी।



विराट कोहली की टीम फिलहाल पांच मैचों की सीरीज में 0-2 से पीछे चल रही है। भारत को पहले एजबेस्टन टेस्ट में 31 रनों से हार का सामना करना पड़ा और इसके बाद लॉर्ड्स में टीम पारी और 159 रनों से हारी। क्रिकेट के अधिकतर जानकारों ने इसे टेस्ट सीरीज के लिए टीम की तैयारियों में कमी से जोड़ा। भारतीय टीम ने वनडे सीरीज के बाद 5 दिनों का ब्रेक लिया। टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले भारत ने एसेक्स के खिलाफ सिर्फ एक 3 दिवसीय प्रैक्टिस मैच खेला। इसके बाद सुनील गावसकर और हरभजन सिंह जैसे क्रिकेट के दिग्गजों ने टीम की तैयारियों को लेकर आलोचना की।

इस पर सरफराज ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, मैंने इंग्लैंड का दो बार दौरा किया है और दोनों बार पाकिस्तानी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है। मेरे हिसाब से जो भी एशियाई टीम इंग्लैंड जारी है उसे मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। भारत भी कोई अलग नहीं है। इंग्लैंड में परिस्थितियां काफी मुश्किल हैं।

सरफराज ने 2016 में पाकिस्तानी टीम के साथ इंग्लैंड का दौरा किया था। तब चार मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर रही थी। पाकिस्तानी टीम ने सीरीज शुरू होने से पहले काउंटी टीमों के खिलाफ दो प्रैक्टिस मैच खेले थे। सरफराज ने कहा, मुझे लगता है कि पाकिस्तान ने दौरे के लिए अच्छी तरह तैयारियां की थीं। अगर मैं अपने पहले दौरे के बारे में बात करूं तो हम सीरीज शुरू होने से 25 दिन पहले इंग्लैंड पहुंच गए थे। हमने 10 दिन का कैंप लगाया और फिर दो प्रैक्टिस मैच खेले। इससे हमें काफी मदद मिली।

## भारत को विदेश में पहली बार जीत दिलाने वाले कप्तान अजीत वाडेकर का निधन

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश से बाहर पहली बार जीत का परचम लहराने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अजीत वाडेकर (77) नहीं रहे। उन्होंने बुधवार को मुंबई स्थित जसलोक हॉस्पिटल व रिसर्च सेंटर में अंतिम सांस ली। दिवंगत भारतीय कप्तान वाडेकर पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। अजीत वाडेकर 1971 में पहली बार देश से बाहर जीत दर्ज करने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान थे। वाडेकर 37 टेस्ट मैच खेले और उन्होंने वेस्ट इंडीज और इंग्लैंड में भारतीय टीम के ऐतिहासिक जीत का हिस्सा रहे।




उनकी कप्तानी में 1970 के दशक में भारत ने वेस्टइंडीज में पांच में जीत हासिल की।

इसके बाद इंग्लैंड में तीन मैचों की श्रंखला में भारत ने जीत हासिल की। वाडेकर ने टेस्ट मैच में 2,113 रन बनाए जिसमें उनका 14 अर्धशतक भी शामिल है। वह भारतीय क्रिकेट टीम के सफल कप्तान थे। वाडेकर का जन्म एक अप्रैल 1941 में मुंबई में हुआ था। उन्होंने 1958 में प्रथम श्रेणी क्रिकेट की शुरुआत की थी। बाद में 1966 में उनका अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण हुआ। वाडेकर 1974 तक भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा रहे।

## इस बार स्वर्ण पदक के साथ लौटूंगा : मनोज कुमार

नई दिल्ली (आरएनएस)। नई दिल्ली में 2010 में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण और 2018 के राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले अनुभवी भारतीय मुक्केबाज मनोज कुमार ने कहा है कि वह वादा करते हैं कि इस बार वह स्वर्ण पदक के साथ एशियाई खेलों से लौटेंगे।



32 साल के मनोज 2007 उलानबतार में हुए एशियाई एमेच्योर मुक्केबाजी चैम्पियनशिप और 2013 में अम्मान में हुए एशियाई एमेच्योर मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीत चुके हैं। इसके अलावा वह 2016 में गुवाहाटी में हुए दक्षिण एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक अपने नाम किए थे।

मनोज ने कहा, मुझे विश्वास है कि इस बार मैं अपने पदक का रंग बदलने के कामयाब रहूंगा और इसे लेकर मैं पूरी तरह से सकारात्मक हूं। हम सकारात्मक सोच के साथ ट्रेनिंग भी करते हैं और सब मिलजुल कर एक दूसरे की मदद करते हैं। इससे टीम के खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा रहता है। टीम में एकता और मेल-मिलाप के कारण ही हम अच्छा प्रदर्शन कर पाते हैं।

एशियाई खेलों में मनोज 69 किलोग्राम भारवर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## नॉटिंगम टेस्ट में ओपनिंग बनी टीम इंडिया के लिए बड़ी पहेली

नई दिल्ली (आरएनएस)। यह तो पता था कि विराट कोहली के नेतृत्व वाली भारतीय टीम के लिए स्विंग के लिए मशहूर परिस्थितियों में इंग्लिश टेस्ट बेहद मुश्किल होगा, लेकिन प्रदर्शन इतना फिसड्डी होगा, अंदाजा नहीं था। एजबेस्टन और लॉर्ड्स में शिकस्त खाकर सीरीज गंवाने के कगार पर खड़ी भारतीय टीम के बल्लेबाजों के फ्लॉप शो ने मुश्किल बढ़ा दी है, खासकर दोनों ही टेस्ट में ओपनर्स ने बुरी तरह निराश किया है।



पहले टेस्ट में शिखर धवन की बल्ले से नाकामी के बाद दूसरे टेस्ट में चेतेश्वर पुजारा की वापसी हुई और शिखर को हटाकर केएल राहुल को प्रमोट किया गया। उन्हें लॉर्ड्स टेस्ट में मुरली विजय के साथ पारी के आगाज का मौका मिला, बावजूद इसके नतीजा बेहद खराब रहा। सीरीज में शिखर, मुरली और राहुल के बल्ले से रन न निकलने से पूरी टीम पर दबाव आ गया है। इसके अलावा अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा के बल्ले भी रन के लिए तरस रहे हैं। टीम के लिए बस गेंदबाजों ने अपना काम सही तरह से निभाया है।

**ऐसे कैसे मिलेगी विजय**

बर्मिंगम के पहले टेस्ट की पहली पारी में शिखर-विजय की जोड़ी ने थोड़ी-सी आस बंधाई थी, जब भारत ने बिना विकेट गंवाए स्कोर बोर्ड में 50 रन जोड़ लिए थे। इसमें शिखर ने 26 तो विजय ने 20 रन बनाए।

## प्रस्तावित हवाई अड्डा शीघ्र प्रारंभ करने की मांग- चेंबर

रायगढ़। रायगढ़ में प्रस्तावित हवाई अड्डे पर अभी तक ग्रहण लगा हुआ है जबकि अंबिकापुर बिलासपुर में यह तैयार हो चुका है। प्रदेश की औद्योगिक नगरी के रूप में विकास कर रहे रायगढ़ जिले को सुविधाओं की दृष्टि से हमेशा ही अछूता रखा जाता है यहां तक कि पिछले 20 वर्षो से लंबित टर्मिनल की मांग को भी दरकिनार कर दिया गया है। जबकि पड़ोस के राज्य उड़ीसा के झारसुगड़ा को सभी सुविधाएं मिलती जा रही हैं यहां एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा प्रस्तावित है जबकि घरेलू उड़ानों के लिए यह तैयार होकर उद्घाटन की राह देख रहा है।



अब इसे देखते हुए ऐसा लगता है कि रायगढ़ में हवाई अड्डे की प्रासंगिकता नहीं रह जाएगी जबकि होना यह चाहिए था कि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा रायगढ़ को मिलता और यहां रेल टर्मिनल भी बन जाता जिससे यहां आने जाने वाली सभी यात्री गाड़ियां यहां रूकती और रायगढ़ एक औद्योगिक नगरी के साथ-साथ इन सुविधाओं के कारण यात्रियों और औद्योगिक घरानों के आकर्षण का केंद्र भी बन जाता। रेल टर्मिनल और हवाई मार्ग के उपलब्ध होने से और भी औद्योगिक घराने निवेश के लिए रायगढ़ का रुख करते। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने छत्तीसगढ़ शासन से मांग की है कि वह रायगढ़ में प्रस्तावित हवाई अड्डे के लिए प्रयास करें और शीघ्रता शीघ्र इसे प्रारंभ करवाएं साथ ही रायगढ़ के जनप्रतिनिधि और विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं से आग्रह किया है कि वह केंद्र सरकार को इस हेतु पत्र लिखें और रायगढ़ की जनता जो कि प्रदूषण की मार तो बराबर झेल रही है परंतु सुविधाओं की दृष्टि से हमेशा ही उपेक्षित रहती आई है उसे कम से कम इन सारी सुविधाओं के कारण एक बाजार मिल सके आज लौह इस्पात के कारखानों की हालत खराब होने के कारण रायगढ़ का व्यापार जगत डगमगा सा गया है जिसे पटरी पर लाने के लिए इस प्रकार के उपायों की सख्त आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल महामंत्री हीरा मोटवानी प्रदेश उपाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल प्रदेश मंत्री राजेश अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ शासन और केंद्र शासन दोनों से ही अनुरोध किया है कि वह रायगढ़ की इन बहुप्रतिक्षित दोनों मांगों को शीघ्रता शीघ्र पूरा करें।

## कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने कलेक्टोरेट में किया ध्वजारोहण



रायगढ़। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने आज कलेक्टोरेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, अपर कलेक्टर संजय दीवान एवं सुखनाथ अहिरवार सहित बड़ी संख्या में सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी द्वारा कलेक्टर बंगला में ध्वजारोहण



रायगढ़। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने आज कलेक्टर बंगला में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, सहायक संचालक खेल प्रमोद बैस, स्वर्णकार उपस्थित थे। इसी तरह उन्होंने स्पोर्टस काम्पलेक्स एवं बोईरदादर स्टेडियम में भी ध्वजारोहण किया।

### हिन्दी एवं अंग्रेजी मुद्रलेखन परीक्षा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 अगस्त

रायगढ़। हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा 9 सितम्बर 2018 एवं अंग्रेजी मुद्रलेखन परीक्षा 16 सितम्बर 2018 को आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा के लिए रायगढ़ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जूटमिल को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इसके लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 अगस्त निर्धारित की गई है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जूटमिल, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

## बोईरदादर चौक पर मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

रायगढ़। 15 अगस्त को बोईरदादर चौक में खुशी की लहर दौड़ गयी जब सुबह लोगो ने अपने चौक में स्तम्भ का निर्माण देखा।

72 वां स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व मोहल्ले वालों के लिए ख़ास है और रहेगा।





कई पीढ़ियों से हम सभी माध्यप्रदेश में रहते रहते छतीसगढ़ मे आ गए।

किंतु बोईरदादर चौक को पहचान दिलाने की कोशीश किसी के द्वारा नही की गई।

आज बोईरदादर के बेहद ऊर्जावान सक्रिय एवं सहयोगी युवाओ मोई तोमर, संदीप तोमर, जयदेव मिश्रा, हेमंत शुक्ला व अन्य के प्रयास व सहयोग से सफलता मिली।

दिव्यउर्जा क्लब की अध्यक्ष अनिता कपूर उपाध्यक्ष उमा तोमर का सराहनीय सहयोग रहा साथ ही दिव्यउर्जा के पदाधिकारिगण सचिव हेमा टोडर कोषाध्यक्ष अंजू बंसल पूनम द्विवेदी, शशि सिंघानिया बबली कुलबेदि, अतिथि बीना चोहथा की उपस्थिति सराहनीय रही। अंत में लायनेस दिव्यउर्जा अध्यक्ष अनिता कपुर ने अपने उद्बोधन में युवा पीढ़ी को चौक निर्माण हेतु बधाई और शुभकामनायें दी और युवा पीढ़ी जो देश का भविष्य है उनको आगे आकर अच्छे कार्य करने चाहिए और देश की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए।

साथ ही मीसेल्स और रुबेला खतरनाक जानलेवा बीमारी का अंत करने हेतु टीका कारण जरूरी है कि जानकारी दी।

युवा वर्ग ने भी आश्वासन दिया कि हर सामाजिक सेवा कार्य में वो हमारा सहयोग देंगे। अंत में एक पौधा वीर शहीदों की याद में लगाया गया